## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद महोबा के समस्त पुलिस थानों/कार्यालयों में चलाया गया !! स्वच्छता अभियान !!


आज दिनांक 19.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में महोबा पुलिस के समस्त थानों/कार्यालयों एवं पुलिस लाईन में स्वच्छता अभियान चलाकर थाना कार्यालय, बैरक, थाना परिसर, प्रशासनिक भवन, मेस,परिसर एवं विशेषकर खाली पड़े स्थानो पर बेतरतीब उगी हुई घास को काटा गया व गंदगी की साफ सफाई की गयी।

थानों पर कार्यरत कर्मियों द्वारा थाना परिसर के साथ-साथ बैरकों, मालखाना, मेस, थाना कार्यालय की साफ-सफाई के साथ शस्त्रों की सफाई भी की गयी साथ ही अभिलेखों को सुव्यवस्थित तरीके से रखा गया तथा आमजनमानस को भी स्वच्छता का सन्देश देकर स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया।







## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर योग अमृत सप्ताह के अंतर्गत जनपद के थानों पर किया गया "ध्यान एवं योगाभ्यास"

पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 19.06.2022 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2022 के क्रम में योग अमृत सप्ताह के अंतर्गत, योग वैलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय चरखारी के योग प्रशिक्षक श्री बिकरण द्वारा थाना खरेला के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें थाना खरेला में नियुक्त पुलिस बल द्वारा योगाभ्यास किया गया। योगाचार्य श्री बिकरण द्वारा थाना खरेला पर मौजूद पुलिसकर्मियों को तनाव मुक्ति, स्वास्थ्य लाभ हेतु ध्यान एवं योगाभ्यास कराते हुए योग को दैनिक जीवन में शामिल करने की सलाह दी तथा योग से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ जीवन जीना भी एक कला है, जो योग से प्राप्त होती है। आसन से शरीर शुद्ध, प्राणायाम से मन एकाग्र एवं ध्यान से चित्त की शुद्धि होती है।

इसी क्रम में थाना महोबकंठ के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा पुलिसकर्मियों को योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा वहां उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारीगण को जीवन में योग के महत्व के सम्बंध में विस्तार से बताया गया तथा नियमित रुप से योग करने हेतु प्रेरित किया गया।







प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर पुलिस टीम ने पैरोल से फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु तथा संदिग्ध व्यक्तियों/संदिग्ध वाहनों की चेकिंग अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष श्री लाखन सिंह द्वारा गठित की गयी टीम उपनिरीक्षक श्री सुखशेखर राही द्वारा देखभाल क्षेत्र ,गश्त भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम मगरिया से ग्राम आरी जाने वाले तिराहा से अभियुक्त देवेन्द्र अहिरवार पुत्र छिदामी निवासी ग्राम आरी थाना अजनर जनपद महोबा उम्र करीब 32 वर्ष जो वर्ष 2020/2021 में कोरोना काल में पैरोल पर आया था तथा पैरोल की समयावधि पूर्ण हो जाने के उपरान्त भी से समय से उप कारागार महोबा में उपस्थित नही हुआ तथा तभी से लगातार फरार चल रहा था , अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया , जिसके कब्जे से एक अदद चाकू नाजायज बरामद हुआ। उपरोक्त बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 118/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- उपनिरीक्षक श्री सुखशेखर राही थाना अजनर जनपद महोबा।
2. का. मनोज कुमार पाल थाना अजनर जनपद महोबा।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

देवेन्द्र अहिरवार पुत्र छिदामी निवासी ग्राम आरी थाना अजनर जनपद महोबा उम्र करीब 32 वर्ष।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग व उनकी गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 19.06.2022 को क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गयी टीम उ0नि0 श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा मु0अ0सं0 154/2022 धारा 366/376 भादवि थाना कबरई मे वांछित कल्लू प्रजापति पुत्र किशोरी प्रजापति निवासी ग्राम कीरतपुरा थाना चरखारी जिला महोबा को मुखबिर की सूचना पर ऐचाना तिराहा ग्राम सुरहा थाना कबरई जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के समय माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आय़ोग के आदेशों व निर्देशों का अक्षरशः पालन किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम–**

उ0नि0 मनोज कुमार तिवारी

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

कल्लू प्रजापति पुत्र किशोरी प्रजापति निवासी ग्राम कीरतपुरा थाना चरखारी जिला महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.06.2022
महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

# थाना अजनर पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 19.06.2022 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में अवैध जुआ में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष श्री लाखन सिंह द्वारा गठित की गयी टीम उपनिरीक्षक श्री उमेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र / गश्त व भ्रमण के दौरान ग्राम सगुनियामाफ में ताश पत्तो से रुपये पैसों की हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे अभियुक्तगण 1. आसवेन्द्र राजपूत पुत्र श्रीपत राजपूत 2. सुरेन्द्र राजपूत पुत्र मंगलसिंह 3. सचिन राजपूत पुत्र राजपाल राजपूत 4. रतीराम कुशवाहा पुत्र मातादीन कुशवाहा समस्त निवासीगण ग्राम सगुनियांमाफ थाना अजनर जनपद महोबा के कब्जे से माल फड़ 850/- रुपये , जामा तलाशी 550/- रुपये व 52 अदद ताश पत्ते बरामद कर गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु.अ.सं. 117/2022 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1- उपनिरीक्षक श्री उमेश कुमार थाना अजनर जिला महोबा।
2. का. आसवेन्द्र सिंह थाना अजनर जिला महोबा।
3. का. रवि यादव थाना अजनर जिला महोबा।
4. का. आशीष बघेल थाना अजनर जिला महोबा।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

1.आसवेन्द्र राजपूत पुत्र श्रीपत राजपूत 2.सुरेन्द्र राजपूत पुत्र मंगलसिंह 3.सचिन राजपूत पुत्र राजपाल राजपूत 4.रतीराम कुशवाहा पुत्र मातादीन कुशवाहा समस्त निवासीगण ग्राम सगुनियांमाफ थाना अजनर जनपद महोबा।

बरामदगी–

माल फड़ 850/- रुपये , जामा तलाशी 550/- रुपये व 52 अदद ताश पत्ते।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## SOG महोबा व थाना श्रीनगर की संयुक्त पुलिस टीम ने 03 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से 43 किलोग्राम अवैध गांजा सहित 02 चार पहिया वाहन बरामद।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तार अभियान के अनुपालन में जनपदीय पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व उसमें लिप्त तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के क्रम में दिनांक 18.06.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर दिनेश तिवारी व SOG/सर्विलांस टीम प्रभारी राहुल परमार के द्वारा 03 नफर अभियुक्तगण को कैमाहा मोङ गाँव की तरफ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 04 पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में 43 कि0ग्रा0 अवैध सूखा गांजा तथा 02 स्विफ्ट VDI कार मय एक ही नम्बर प्लेट के साथ बरामद की गयी। बरामद अवैध गांजा के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.स.97/22 धारा 8/20 NDPS ACT व धारा 420/468/471 आईपीसी के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार अभियुक्त को मान0 न्यायालय के समक्ष पेशी उपरान्त जेल भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.थानाध्यक्ष दिनेश तिवारी 2.उ0नि0 रामप्रताप यादव 3.उ0नि0 सुरेन्द्रनाथ राम 4.का0 उमेश कुमार 5. का0 रामनाथ गौतम

**SOG/सर्विलांस टीम-** प्रभारी उ0नि0 राहुल परमार 2. उ0 नि0 नन्हेलाल यादव 3.का0 धर्मेन्द्र सिंह 4.का0 अंशुल दुबे 5. का0 अभिजीत पाण्डेय

**गिरफ्तार अभियुक्त-** 1.विजय पाल पुत्र दानीलाल पाल उम्र करीब 24 वर्ष निवासी दोहतरा थाना चिल्ला जनपद बांदा 2.भूपचन्द्र उर्फ गुड्डी महाजन पुत्र फूलचन्द्र उम्र करीब 44 वर्ष निवासी लंघानपुर थाना कोतवाली नगर महोबा जनपद महोबा 3.रोहित विश्वकर्मा पुत्र बालचन्द्र निवासी मैदवारा थाना चन्देरा जिला टीकमगढ म0प्र0 उम्र करीब 23 वर्ष

**बरामदगी-** 04 प्लास्टिक की बोरी में सूखा गांजा 43 कि0ग्रा0 नाजायज व 02 चार पहिया वाहन बरामद।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सैनिक कल्याण व पुनर्वास बोर्ड, सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारीगणों के साथ की गयी गोष्ठी ..






आज दिनांक 19.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस कैम्प कार्यालय में सेना भर्ती में नई योजना अग्निपथ के विरोध प्रदर्शन के दृष्टिगत वर्तमान परिस्थियों को देखते हुए जनपद महोबा के सैनिक कल्याण व पुनर्वास बोर्ड, सेवानिवृत्त सैन्य कर्मचारीगणों के साथ संयुक्त बैठक की गयी।

गोष्ठी के दौरान शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्य योजना बनाकर, समन्यवय स्थापित करने एवं छात्रों को वस्तुस्थिति से अवगत कराने, समझा-बुझाकर सावधानी व सूझ बूझ के साथ समाधान कराने, सड़को पर एकत्रित न होने, अफवाहों पर ध्यान न देने के संबन्ध में जागरूक करने की अपील की गयी।

सैनिक कल्याण बोर्ड व अन्य भूतपूर्व सैनिकों द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा को माननीय मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित अग्निपथ के समर्थन में पत्र सुपुर्द किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम उपस्थित रहे

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 19.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में शांति एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।




आज दिनांक **19.06.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रो में संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर **51** ई-चालान किये गये।






महोबा पुलिस